# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी०आर० 369/2023

**बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा संचालित बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के द्वितीय उच्च माध्यमिक (12वीं) परीक्षा, दिसम्बर, 2022 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं का Dummy Admit Card समिति की वेबसाईट पर अपलोड रहने एवं ऑनलाईन त्रुटि संशोधन कराने हेतु दिनांक 10.10.2023 तक अवधि विस्तार के संबंध में**

एतद् द्वारा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा संचालित बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के अधीनस्थ/मान्यता प्राप्त अध्ययन केन्द्रों (Studey Centres) के Co-ordinator, संबंधित छात्र/छात्रा एवं उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा० शि०) एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि **बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के** द्वितीय उच्च माध्यमिक (12वीं) परीक्षा दिसम्बर, 2022 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन डाटा के आधार पर, Dummy Admit Card बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की वेबसाईट **http://seniorsecondary.biharboardonline.com** पर दिनांक 04.10.2023 से 07.10.2023 तक अपलोड करते हुए त्रुटि सुधार हेतु अवसर प्रदान किया गया था, जिसे **छात्रहित में दिनांक 10.10.2023 तक अवधि विस्तार किया जाता है।**

2. बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड के द्वितीय उच्च माध्यमिक (12वीं) परीक्षा, दिसम्बर, 2022 में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्रा अपने अध्ययन केन्द्र के Co-ordinator से सम्पर्क कर अपना Dummy Admit Card प्राप्त कर उसमें अंकित सभी विवरण का भली-भाँति मिलान करेंगे। Dummy Admit Card में यदि किसी छात्र/छात्रा एवं उनके माता/पिता के नाम के स्पेलिंग, जन्म तिथि, लिंग, जाति कोटि, फोटो या हस्ताक्षर आदि में कोई त्रुटि हो, तो वैसे छात्र/छात्रा अपने Dummy Admit Card में त्रुटि का सुधार कर अपने हस्ताक्षर के साथ उसकी एक प्रति अपने अध्ययन केन्द्र (Study Centre) के Co-ordinator को ऑनलाईन त्रुटि सुधार करने हेतु उपलब्ध करा देंगे और उसकी दूसरी प्रति अध्ययन केन्द्र (Study Centre) के Co-ordinator का हस्ताक्षर एवं मुहर प्राप्त कर अपने पास सुरक्षित रख लेंगे। **परीक्षार्थी द्वारा जमा किए गए संशोधित एवं हस्ताक्षरित Dummy Admit Card के आधार पर संबंधित अध्ययन केन्द्र के Co-ordinator ऐसे छात्र/छात्राओं की विवरणी में ऑनलाईन त्रुटि सुधार दिनांक 10.10.2023 तक की निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि संबंधित छात्र/छात्रा के निर्गत होने वाले मूल प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि न रह जाए।**

3. सुधार के लिए अवसर प्रदान किए जाने के बाद भी यदि किसी छात्र/छात्रा द्वारा निर्धारित अवधि तक अध्ययन केन्द्र के Co-ordinator से समन्वय कर Dummy Admit Card प्राप्त नहीं किया जाता है तथा अध्ययन केन्द्र के Co-ordinator द्वारा भी ऑनलाईन त्रुटि सुधार हेतु अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जाती है, तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व अध्ययन केन्द्र के Co-ordinator तथा संबंधित छात्र/छात्रा एवं उनके अभिभावक की होगी। **किसी भी परिस्थिति में छात्र/छात्रा, उनके माता-पिता के नाम में पूर्ण परिवर्तन नहीं किया जाएगा। ऐसा पाये जाने पर संबंधित छात्र/छात्रा का अभ्यर्थित्व रद्द करते हुए अध्ययन केन्द्र के Co-ordinator के विरूद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।**

4. **Dummy Admit Card डाउनलोड करने की प्रक्रिया एवं शेष अन्य शर्तें विज्ञप्ति संख्या – पी०आर० 351/2023 की यथावत रहेगी।**

5. ऑनलाईन Dummy Admit Card डाउनलोड करने एवं उसमें त्रुटि संशोधन करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के विद्यार्थी सहायता सेवाएँ विभाग के मोबाईल नम्बर 9470771587 तथा समिति के **हेल्पलाईन नं0-0612-2230039** अथवा **E-mail Id: reg.bsebhelpdesk@gmail.com** पर सूचित कर समस्या का निराकरण कराया जा सकता है।

**परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0)**